# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पिथौरागढ़ व उससे जुड़े गांवों में आज तक नहीं मिली मूलभूत सुविधाएं

## करोड़ों खर्च करने के बाद आम जनमानस मूलभत सुविधाओं के लिए रहा तड़प

**मांग**

सड़क, संचार ,स्वास्थ , शिक्षा, पेयजल ,रोजगार , अस्पताल इत्यादिं की मांग

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। अलग उतराखंड राज्य बनने के बाद भी सीमांत जनपद पिथौरागढ व उससे जुडे सूदूरवर्ती गांवों में आज तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नही हो पाई है। जिले व आस पास के गांवों में करोड़ों खर्च करने के बाद आम जनमानस मूलभत सुविधाओं के लिए तडप रहा है।

भले राज्य को बने हुए आज बीस साल पूरे हो चुके है। सीमांत जनपद व उससे जुडे सूदूरवर्ती गांवों में सड़क, संचार ,स्वास्थ , शिक्षा, पेयजल ,रोजगार , अस्पताल इत्यादिं की मांग को लेकर आज भी सीमांत जनपद व उससे जुडे सूदूरवर्ती गांवों के वांशिदें दर दर की ठोंकरें खानें को मजबूर हो रहें है। सीमांत में अब तक सुविधाओं



को नाम करोड़ों खर्च कर दिये गये मगर हकीकत में तस्वीर और भी भयावह साबित होते दिख रही है।

राज्य गठन के बीस साल बाद भी सीमांत की आम जनता में हताशा व निराशा है। अभी तक कोई भी ठोस नीति न बन पाने के कारण मायूसी भी लोगों में ज्यादा देखने को मिल रही है। दूसरी ओर राज्य आज भी बीा साल बीतने के बाद जिले के लोग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है। भले ही रोजगार का मुददा हो या स्वास्थ का आज तलक उम्मीदें पूरी तरह से धरी की धरी रह गई है। जिले के दूरस्थ ग्रमीण क्षेत्रों की बात तो दूर खुद जिला मुख्यलय में अभी भी कई ऐसी जरूरते है जो अभी भी जनता की पहुंच से कोसों दूर है।

बता दें कि जिले में वर्तमान दौर में ऐतिहासिक , धार्मिक , और पर्यटन गतिविधियों को भरपमर बढ़ावा मिला है मगर इलाके की जनता को अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए आज तक खासा लाभ नही मिल पाया। जिले में दो बार राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा यात्रायें की गई मगर जिले में कोई भी बडी घोषणा न होना व प्रस्तावित योजनाएं अब तलक धरातल पर साकार होती नही नजर आई। प्रदेश के अनतिम बार्डर से जुडे सीमांत जनपद पिथौरागढ को आज भी हर ओर छला गया है। जिले में अब तक जो भी योजनायें व घोषणायें की गई वो अब तक केवल सपने में ही तैर रही है। अब भी लोगों को हर ओर निराशा झेलनी पड़ रही है।

## न्यूज डायरी :

### कचहरी स्थित शहीद स्मारक को यथावत रहने दें: डंडरियाल

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने एक सयुंक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह कचहरी स्थित शहीद स्मारक को यथावत रहने दें। स्मरण रहे कि इसी शहीद स्मारक से राज्य प्राप्ति आन्दोलन शुरु हुआ था
इससे जनता व आन्दोलनकारियों की भावनाए जुड़ी हुई हें समिति के पदाधिकारियों ने भी राज्य प्राप्ति आन्दोलन मे अपनी भागेदारि निभाई थी। डंडरियाल व वारसी ने उम्मीद ही नही विश्वास भी जताया हे कि परदेश सरकार के मुखिया मुख्यमन्त्री आन्दोलन कारियों की भावनाओं की कद्र करते हुये 9 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस पर शहीद स्मारक को यथावत की घोषणा करेंगे।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आयोजित दिवाली ग्रैंड इवेंट का स्पीकर ने किया शुभारंभ

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश में पहली बार लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आयोजित दिवाली ग्रैंड इवेंट 2020 का शुभारंभ आज उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर क्लब द्वारा द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित भी किया गया। लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल द्वारा आयोजित दिवाली ग्रैंड इवेंट में मेहंदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, हेल्दी बेबी शो सिंगिंग प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, बेस्ट कपल प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किया गया। इस अवसर पर विधानसभाध्यक्ष ने योगा एवं नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो बालिकाओं को अपने अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से 10–10 हजार रुपये देने की भी घोषणा की।

### बोलेरो गुंयाघाटी में अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, दो लोगों की मौत

**संवाददाता** उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले में पुरोला से मोरी के जखोल जा रही बोलेरो गुंयाघाटी में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हुए हैं। वहीं, वाहन चालक की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार देर रात की है। पुरोला से एक बोलेरो मोरी के जखोल गांव के लिए निकली, लेकिन जखोल से पहले ही पांवतल्ला गांव के निकट गुंयाघाटी के पास ही बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बोलेरो में चालक समेत पांच लोग सवार थे। दुर्घटना की सूचना पर पांवतल्ला के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक घटना स्थल पर दो व्यक्तियों ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने 108 सेवा के माध्यम से घायलों को सीएचसी मोरी में भर्ती कराया।

## कुर्बानी देने वाले आंदोलनकारियों के योगदान को कभी नही भुलाया जा सकता



**संवाददाता** पिथौरागढ। विगत वर्षो की भांति इस साल भी राज्य स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर राज्य आंदोलन के दौरान खटीमा, मसूरी , रामपुर तिराहा ,मसूरी गोलीकांड में शहीद हुए आंदोलन कारियों को श्रद्वांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि राज्य आंदोलन में अपनी कुर्बानी देने वाले आंदोलनकारियों के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। बीते रविवार को रामलीला मैदान के पास बने शहीद स्मारक में जिले के विभिन्न संगठनों द्वारा मसूरी गोलीकांड के शहीद अंशा धनई ,बलवीर नेगी , धनौट सिंह , मदन ममगई , बलमरी चौहान , राय सिंह बंगानी व खटीमा गोलीकांड के शहीद भवान सिह ,प्रकाश सिंह, धर्मानंद भटट के चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हें भावभनी श्रद्वाजलि दी।

## सीएम ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेश की खुशहाली की कामना की



गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में प्रदेश की खुशहाली की कामना करते सीएम।

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत रविवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा लंगर हॉल डोईवाला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। गुरूद्वारे में मत्था टेककर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

## पर्यटन सचिव ने मैजिस्टीक उत्तराखण्ड फोटो प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस उपलक्ष्य में पर्यटन विकास परिषद द्वारा आयोजित "हील विद व्हील्स" बाइकिंग रैली के पुरुष वर्ग में रमेश भारती व महिला वर्ग मं वंदना सिंह अव्वल रही। मसूरी विधायक गणेश जोशी ने साइकिल रैली के विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किए।



बाइसाइकिल रैली सीएम आवास से प्रारंभ होकर किमारी, बसागथ मार्ग से होकर जॉर्ज एवरेस्ट पर पहुंची। रैली में पुरूष वर्ग में रमेश भारती ने प्रथम, मोहित उभान द्वितीय व सबसे कम उम्र 15 वर्ष के अविनाश राना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में वंदना सिंह प्रथम, सीमी द्वितीय व सबीता माटू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइकिल रैली समापन व जॉर्ज एवरेस्ट इस्टेट मसूरी में हॉट बैलून फेस्टिवल के आयोजन पर मुख्य अतिथि के रूप में मसूरी विधायक गणेश जोशी ने शिरकत करते हुए साइकिल रैली में विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार दिया। विशिष्ट अतिथि अनुज गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका द्वारा भी प्रतिभातिगयों को प्रमाणपत्र वितरित किय गये, तथा विजेताओं को बधाई दी।

हॉट बैलून फेस्टिवल में स्थानीय पर्यटकों व राइडर्स के लिए निशुल्क राइड की सुविधा की गयी। गणेश जोशी व अन्य लोगों ने भी हॉट बैलून की राइड की।

### मुख्यमंत्री ने लान्च किया रमेश भट्ट का गीत 'मेरी शान उत्तराखंड'

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में अपने मीडिया सलाहकार रमेश भट्ट के चर्चित गीत 'मेरी शान उत्तराखण्ड' को लॉन्च किया। इस गीत की खासियत ये है कि इसमें उत्तराखंड के पहाड़ों की खूबसूरती और संस्कृति के दर्शन तो हैं ही, अपनी मेहनत से उत्तराखण्ड की तकदीर में बदलने में जुटे युवाओं की प्रेरक कहानियां भी हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने इस गीत की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में युवाओं को बताने तथा स्वरोजगार को प्रेरित करने की दिशा में यह गीत सराहनीय प्रयास है। इससे निश्चित रूप से हमारे युवाओं को रिवर्स माइग्रेशन की भी प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रमेश भट्ट ने बताया कि उनके द्वारा पिछले महीनों में स्वरोजगार यात्रा के दौरान प्रदेश के कई जिलों का भ्रमण कर स्वरोजगार की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों से लगातार संवाद किया तथा उनके अनुभवों को जानते रहे।